राजस्थान विधान सभा

प्रथम बैठक, दिनांक ९ फरवरी, १९५३

सदन का कार्य प्रातः १० बज कर २० मिनट पर प्रारम्भ हुआ ।

(श्री अध्यक्ष पदासीन)

श्रीमन् राजप्रमुख का अभिभाषण

MR. SPEAKER, HON'BLE MEMBERS,

I welcome you all to this Session of the Legislative Assembly. It is four months since I addressed you on a similar occasion and I shall now only indicate to you broadly the policy to be pursued by the Government during the ensuing period, and its activities and achievements since the last Session.

2. One of the vital matters which is uppermost in our minds at the present moment is the difficult financial position facing the State. Due to various circumstances, the finances of the State have for sometime been a source of anxiety. If I may say, this is a challenge to our wisdom and statesmanship and I am confident that by earnest endeavour on our part and through the legitimate assistance from the Centre, we shall be able to tide over our present difficulties. I hope, in tackling this problem all concerned will bring to bear a common attitude of determination to solve this important problem and in doing so will rise above party and political considerations.

3. I referred in my last address to the improvement in the Law and Order situation in the State. It is gratifying to note that the record has been steadily maintained. Several more notorious dacoits have been liquidated or arrested and the all-round drive against the lawless elements is continuing relentlessly. As you are aware, men of our Armed Constabulary in spite of arduous conditions of life in the area in which they are serving have all along acquitted themselves admirably. We have made adequate relief arrangements by raising the strength of this Force.

4. As regards the food situation although by a wise policy of cautious decontrol and monopoly procurement confined to surplus areas, we have been able to avert disaster, unfortunately our expectations have not fully materialised, particularly due to the failure of autumn rains. Over large areas the "Kharif" crop failed completely or partially, while the prospects of "Rabi" are also not very bright over large tracts. The menace of large scale invasion of locusts has added to our difficulties. It is, however, gratifying to feel that through the co-ordinated effort of State and private agencies we have to a large extent been able to combat and overcome this menace. The Government have had to declare scarcity conditions in some parts of the State and relief works were opened to render help to large sections of the population who otherwise would have been the victims of great hardships. Advantage was also taken of such relief works to develop communications, water-supply, and other basic requirements of the population in such areas on a permanent basis. It, however, has to be borne in mind that all this will result in low receipts and high expenditure so far as the revenue side is concerned.

5. Reclamation of waste lands, improvement of agricultural farms, distribution of better seeds, fertilisers, controlled commodities for agricultural purposes, taccavi loans on a generous scale, agricultural exhibitions, crop competitions, cattle fairs, extension of the schemes of veterinary aid, soil conservation, plant protection and Locust control etc., are some of the important directions in which work of a far reaching importance affecting the lives of the rural population is being undertaken by the Government. The principle of co-operative societies has been recognised as the back-bone of rural prosperity and the Government are committed to a scheme of carrying co-operative credit facilities to all the corners of the State. In order to achieve this end, the Government have strengthened the financial position of the recently organised Co-operative Central Banks by accumulating public deposits and thus making more money available for lending to the co-operative institutions. With the help of the Reserve Bank of India, an Apex Bank will also be established. The Government are encouraging the establishment of small scale industries and have sanctioned a large number of such industries together with a woollen spinning mill at Jaipur. In the field of mining, considerable number of prospecting licences and certificates of approval for minerals have been granted. A proposal for the establishment of a Mining Institute is under the consideration of the Government. It is also intended to establish a woollen carding and finishing centre and to reorganise the Marketing Department in order to popularise village products and promote their sale.

6. The recent relations between industry and labour in certain spheres have been a source of anxiety to the Government. While the Government would not like the industries to be paralysed, it will be the Government's endeavour to see that

the interests of labour do not suffer. It should, however, be hoped that labour will not allow itself to be exploited for political or personal motives and will have recourse to constitutional methods to pursue their legitimate demands.

7. The Government are concentrating their efforts on the all-round economic development of the State. This is an age when new ideas of human welfare and higher standards of life are set before our people. A fresh approach is being made to the problem of improving the living conditions of the people. There is a growing recognition that the State cannot be expected to assume the sole responsibility over the entire field of people's progress—political, econmic and social. While technical guidance, direction and help should be forthcoming from the Government, it is being increasingly realised that the people themselves have not only to be associated with the efforts of the Government in this direction but they have got to make a definite contribution if these efforts are to succeed. One of the innovations in the field of economic and social development which is now before us, namely, the Community Development Projects, is a recognition of this trend. There has been a shift of emphasis from the urban to the rural areas where a number of projects of community development are now under execution. I am glad to say that we in Rajasthan are also not lagging behind in this respect and that we have already embarked on a scheme of such development. Seven units of Community Projects are working in different districts of Rajasthan. These projects are reported to be making satisfactory progress.

8. Planning has come to be recognised as one of the essential things for progress and the Five Year Plan, which has been finalised by the Planning Commission, envisages an all-round development of the entire country. We are also sharers in this plan. You will recollect that, in my last address, I referred to the possibility of the inclusion in the Five Year Plan of the Chambal Hydro-electric Scheme which will mean so much to the future prosperity of Rajasthan. I am glad to tell you that the Chambal Scheme has been included in the Plan.

9. In my last address I mentioned about the other major schemes of benefit to Rajasthan such as Bhakra-Nangal, Jawai and others. Work on all these schemes has been progressing and surveys and investigations on the Bhakra Project have already been completed and construction of irrigation channels is in full swing. Over eight thousand men are at work and efforts are being made to further speed up the progress of this scheme. Non-perennial irrigation is likely to start from about the year 1954-55. Equally important are the various minor irrigation projects which bring relief to small sections of the community scattered over vast areas. We are grateful to the Government of India for the financial assistance recently received from them for this and other agricultural purposes.

10. The Government are alive to the need of checking the Rajasthan desert from spreading. The Government of India have approved a desert immobilisation scheme whereby a considerable dry and arid belt of desert in Jodhpur, Bikaner and Jaipur Divisions will be covered with green forests. Experts from the Government of India are actually exploring the area for early implementation of the scheme.

11. In the sphere of nation-building activities on which the Government have been concentrating are the improvement of communications particularly roads and erection of buildings for administrative, educational and other purposes. Development of power has also been one of the most important items to which the Government have been devoting a great deal of attention. The three major power stations of Jaipur, Jodhpur and Bikaner have been adequately improved and placed on a satisfactory footing. Four turbines, each of two thousand five hundred kilo-watts, have been completed at Jaipur while the supply position at Jodhpur and Bikaner is no longer a source of anxiety. Power is also being utilised for pumps for irrigation purposes on a modest scale.

12. The position of water supply both in the big cities as well as in the smaller towns and rural areas has also been receiving the constant attention of the Government and several such schemes are actually under execution.

13. The policy of making medical relief and public health amenities more easily and cheaply available to the people is being pursued with success. A big hospital at Kotah is under construction for which we owe a deep debt of gratitude to His Highness the Maharao Sahib of Kotah for his generous donation. A new out-patient department on modern lines is being constructed in Sawai Man Singh Hospital, Jaipur which among other things was necessary in order to facilitate the much desired recognition of the Sawai Man Singh Medical College, Jaipur by the Indian Medical Council. The construction of a maternity hospital at Ratangarh has been completed. Preliminary arrangements have been made for giving rural medical relief at all the seven centres of the community projects. Surgical camps were organised at different places where Government specialists rendered surgical aid on a large scale. We are indebted to the philanthropic institutions and individuals who generously contributed to the successful running of these camps. B.C.G. and T.B. Seals Sale Campaign was continuing without abatement. One of the notable events of the period under review has been the various all-India Conferences connected with medical research which were held at Jaipur under the Indian Council of Medical Research and the all-India Association of Pathologists. These conferences were largely attended by specialists from all over India and also from other countries.

14. The Government have been following a progressive policy in the field of education and would make special efforts towards the extension of primary eduction. Efforts are also being made to give the necessary emphasis to vocational and technical education and to impart to the students a sense of the dignity of labour by associating them in the execution of projects connected with educational institutions calling for manual labour.

15. Local administrations like Municipalities, District Boards and Panchayats are being encouraged to follow a similar progressive policy. Government have before them the target of a Municipality for every town with a population of over five thousand souls. District Boards in the modern sense duly elected by the people will be a reality as soon as the Rajasthan District Boards Act is placed on the Statue Book. The policy of the Government has been directed to making local bodies self-sufficient and to providing in deserving cases subsidies, loans and advances. In many places such local bodies have been made themselves responsible for the execution of skeleton water supply and other welfare schemes The number of Panchayats in the State has been increasing steadily. Legislation to place local administrations such as District Boards, Urban Improvement Boards and Village Panchayats on a firm and statutory basis are under consideration of the Government.

16. Government are continuing their efferts to raise the economic and social standards of the backward sections of the community and have been pursuing with vigour the policies and decisions already taken in this regard. In spite of the present financial stringency, the Government have carried on the programmes drawn up for the improvement of the lot of the backward classes. The work of refugee rehabilitation has also been advanced.

17. I referred briefly in my last address to the question of the separation of Abu from Rajasthan. As you know a special Committee was set up to examine the whole question and to formulate a report setting forth the case of Rajasthan for the restoration of Abu to us. The Government hope that the labours of this Committee will be successful.

18. I would like to mention the important legislative measures which have been passed or will come before you during this Session. One of the important enactments already passed during the last Session of the Assembly is the Rajasthan Official Language Act which seeks to provide for the adoption of Hindi in Devnagri script as the language for official purposes of the State.

The important Bills which will now come before you for consideration are:—

1. The Rajasthan Agricultural Income-tax Bill.
2. The Rajasthan Tenancy Bill.

3. The Rajasthan Panchayat Bill.
4. The Rajasthan Land Acquisition Bill.
5. The Rajasthan Security of State Bill.
6. The Rajasthan Essential Services Maintenance Bill.
7. The Rajasthan Habitual Offenders Bill.
8. The Rajasthan Land Summary Settlement Bill.
9. The Rajasthan District Boards Bill.
10. The Rajasthan Laws Repealing Bill.
11. The Rajasthan Maternity Benefit Bill.
12. The Rajasthan Fisheries Bill.

I am confident that you will devote your attention to these Bills with maturity of wisdom and the responsibility devolving on you.

19. Before I conclude, I would like to emphasise the importance of maintaining the dignity of the House and of developing sound traditions and conventions based on the highest democratic principles. I hope that your debates and deliberations will be maintained on a high level and the differences of opinion and convictions however strongly held will not be allowed to mar the dignity of your proceeding or your feelings of mutual good-will and co-operation. All this will not only bring credit to you but will also be an example for those who will follow you. It is all right to hold different views on common problems, but for the successful working of democracy it is necessary that such differences are resolved by acceptance of majority decisions, for, the real basis of democracy is the willing co-operation of the people in the enforcement of laws passed by the majority.

20. Within the framework of the democratic constitution of India, Rajasthan with its glorious traditions and rich heritage must play a befitting role. Great responsibilites therefore devolve upon you as representatives of the people for ultimately their destiny will be greatly influenced by your decisions. It is a sacred trust that has been reposed in you and yours is by no means an easy or simple task. I fervently hope that all sections will sink their differences and in a spirit of genuine co-operation will rise equal to the occasion to tackle the common problems that confront us all.

I now leave you to your deliberations, which I am confident will result in the formulation of mature policies and the enactment of just and wise laws for the welfare and progress of the people of this great State.

(श्रीमन् राजप्रमुख के अभिभाषण का हिन्दी अनुवाद)

अध्यक्ष महोदय व माननीय सदस्यों,

विधान सभा के इस अधिवेशन में मैं आप सबका स्वागत करता हूं। अभी केवल चार मास पूर्व ही मैंने ऐसे ही अवसर पर अभिभाषण किया था। आज मैं केवल आगामी समय में सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली नीति तथा पिछले अधिवेशन से आज तक की कार्यवाहियों व सफलताओं पर ही स्थूल रूप से प्रकाश डालूंगा।

२. वर्तमान अवसर पर एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय, जिसका हमें सबसे अधिक ख्याल है, राज्य की विकट आर्थिक स्थिति है। विभिन्न परिस्थितियों के कारण राज्य की अर्थ व्यवस्था कुछ समय से चिन्ता का कारण बनी हुई है। यह कहना अत्युक्त न होगा कि यह हमारी विद्वत्ता व राजनैतिकता को चुनौती है और मुझे विश्वास है कि अपने अविकल प्रयत्न व केन्द्र की योग्य सहायता से हम इस कठिनाई को पार करने में समर्थ होंगे। मुझे आशा है कि वे सब, जिनका इससे सम्बन्ध है, इस महत्वपूर्ण समस्या को हल करने में समान रूप से दृढ प्रतिज्ञ होंगे और ऐसा करने में दलबन्दी तथा राजनीति की दलदल से ऊंचे उठेंगे।

३. अपने पिछले अभिभाषण में मैंने राज्य की कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार होने का जिक्र किया था। संतोष का विषय है कि वही रेकार्ड दृढता के साथ कायम रखा गया है बहुत से और कुख्यात डाकू या तो समाप्त कर दिये गए हैं या बन्दी बना लिये गये हैं और अराजकता के तत्वों के प्रति चतुर्दिक कार्यवाही निर्दयता के साथ जारी है आप को विदित ही है कि हमारे सशस्त्र सिपाहीदल के व्यक्तियों ने, जिन क्षेत्रों में वे कार्य कर रहे हैं, उनमें जीवन की कठिन परिस्थितियों के होते हुये भी प्रशंसनीय कार्य किया है। इस दल की संख्या में वृद्धि करके हमने सहायता का पर्याप्त प्रबन्ध कर दिया है।

४. जहां तक खाद्य स्थिति का सम्बन्ध है, यद्यपि सतर्कता के साथ नियंत्रण हटा कर तथा बचत वाले क्षेत्रों में एकाधिकार समाहार की बुद्धिमत्ता पूर्ण नीति को अपनाकर हम संकट को टाल सके हैं तथापि दुर्भाग्यवश शरद्कालीन वर्षा के न होने से हमारी आशायें पूर्णत: सफल नहीं हुई हैं। विस्तृत क्षेत्रों में खरीफ की फसल पूर्णत: अथवा आंशिक रूप से नहीं हुई है तथा रबी की फसल का भी विशाल क्षेत्रों में भविष्य उज्ज्वल नहीं है। बड़े पैमाने पर टिड्डियों के आगमन के भय ने भी हमारी कठिनाइयां बढ़ा दीं। परन्तु यह अनुभव करके बड़ा संतोष होता है कि राजकीय व गैर सरकारी अभिकरणों के सम्मिलित प्रयास से हम इस विपत्ति का बहुत हद तक सामना कर सके हैं और उस पर विजय प्राप्त कर सकें हैं। सरकार को राज्य के कुछ भागों में अभाव की स्थिति की घोषणा करनी पडी तथा जन संख्या के बडे भागों, जो अन्यथा विकट कठिनाईयों के शिकार हो जाते, को सहायता देने के लिये सहायता कार्य खोले गए। इन सहायता कार्यों से ऐसे क्षेत्रों की जनता के लिये गमनागमन, जलप्रदाय तथा अन्य आधार भूत आवश्यकताओं के स्थायी रूप से विकास करने में भी लाभ उठाया गया। ध्यान रखने की बात है कि जहांतक राजस्व का संबंध है इन सब कार्यों से आय कम और व्यय अधिक होता है।

५. बंजर भूमियोंका पुनरुद्धार, कृषि फार्मोंका सुधार, बहतर बीजों, वैज्ञानिक खादों, कृषि प्रयोजनों के लिये नियंत्रणाधीन वस्तुओं, तथा उदारता के साथ तकावी ऋणों का वितरण, कृषि प्रदर्शनियां, फसल सम्बन्धी प्रतियोगिताएं, पशु मेले, पशु चिकित्सा संबंधी सहायता की योजना का विस्तार, मिट्टी को अच्छी हालत में बनाये रखना, पौधों की रक्षा तथा टिड्डियों का नियंत्रण आदि वे महत्वपूर्ण दिशाएं हैं जिनमें ग्रामीण जनताके जीवन पर प्रभाव डालने वाले अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य सरकार द्वारा किये जा रहे हैं। सहकारी समितियों का सिद्धांत गांवों की समृद्धशालिता का मेरूदण्ड मान लिया गया हैं और सरकार सहकारी ऋण की सुविधाओं को राज्य के प्रत्येक कोने में पहुंचाने के लिये कृतसंकल्प है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिये जनता द्वारा रुपया जमा कराया जाना स्वीकार करके और इस प्रकार सहकारी संस्थाओं को उधार देने के लिये अधिक रुपया उपलब्ध कराकर सरकार ने हाल में ही संगठित की गई सहकारी केन्द्रिय बंकों की आर्थिक स्थिति को दृढ कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक की सहायता से एक चोटी का बैंक भी स्थापित किया जायागा। सरकार छोटे पैमाने के उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित कर रही है और एक बडी संख्या में ऐसे उद्योगों की स्वीकृति दी है, जिनमें जयपुर की एक ऊन की मील भी शामिल है। खनिज के क्षेत्र में एक बडी संख्या में पूर्वेक्षण के लाइसेंस तथा खनिजों की स्वीकृति के प्रमाण पत्र दिये गए हैं। एक खनिज संस्था की स्थापना भी सरकारके विचाराधीन है। ऊन धुनकर साफ करने व उसका परिष्कार करने के एक केन्द्र की स्थापना तथा गांवों में बनाई गई वस्तुओं का प्रचार तथा उनके विक्रय को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विक्रय विभाग का पुनर्संगठन करने का भी विचार है।

६. कुछ क्षेत्रों में हाल में उद्योग और श्रम के पारस्परिक सम्बन्ध सरकार के लिये चिन्ता का विषय बन रहे हैं। जहां एक ओर सरकार यह नहीं चाहेगी कि उद्योग पंगु होजाय वहां सरकार यह देखने का भी प्रयत्न करेगी कि श्रम के हितों को भी हानि न पहुंचे। हमें आशा करनी चाहिये कि श्रम राजनैतिक अथवा वैयत्तिक उद्देश्यों के पीछे अपना शोषण नहीं होने देगा तथा अपनी न्यायानुकूल मांगों को पूरी करवाने में वैधानिक तरीके अपनाएगा।

७. सरकार अपने सारे प्रयत्न राज्य के सर्वांग आर्थिक विकास पर केन्द्रित कर रही है। यह वह युग है जिसमें मानव कल्याण व जीवन के उच्चतर स्तर की नई भावनाएं हमारी जनता के सामने रखी जाती हैं। लोगों की रहने की व्यवस्थाओं को सुधारने की समस्या हल करने का नए सिरे से प्रयत्न किया जा रहा है। इस बात को अधिकाधिक मान्यता दी जा रही है कि जन साधारण की उन्नति के संपूर्ण क्षेत्र जिसमें राजनैतिक, आर्थिक तथा सामाजिक उन्नतियां सम्मिलित हैं पर पूरी पूरी जिम्मेवारी रखने की राज्य सरकारसे आशा नहीं की जा सकती है। जहां औद्योगिक पथप्रदर्शन, निर्देशनएवं सहायता सरकार की ओर से मिलनी चाहिये, वहां अब यह उत्तरोत्तर अनुभव किया जाने लगा है कि लोगों को इस दिशा में सरकार के प्रयत्नों से केवल स्वयं संपर्क में आना ही पर्याप्त नहीं है अपितु यदि इन प्रयत्नों को सफल बनाना है तो उनको उसमें निश्चित सहयोग देना होगा। आर्थिक और सामाजिक विकास के क्षेत्र में एक नया प्रवर्तन अर्थात् सामूहिक विकास योजनाएं, जो आजकल हमारे सामने हैं, इस विचारधारा की मान्यता का ही परिणाम है। अब नागरिक क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों को अधिक महत्व दिया जा रहा है, जहां सामूहिक विकास की कई योजनाएं कार्यान्वित कीजारही हैं। मुझे यह कहते हुए हर्ष होता है कि राजस्थान में हम भी इस दिशा में पिछडे हुए नहीं है और हम ऐसे विकास की एक योजना पर पहिले

से ही अग्रसर हो चुके हैं। राजस्थान के विभिन्न जिलों में सामूहिक योजनाओं की सात इकाइयां काम कर रही हैं। इन योजनाओं की संतोषप्रद प्रगति की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं।

८. उन्नति के लिये प्लानिंग एक अनिवार्य वस्तु मानी गई है और पंच वर्षीय योजना, जिसको प्लानिंग कमीशन ने अन्तिम रूप दे दिया है, संपूर्ण देश के चतुर्मुख विकास की ओर मुखापेक्षी है। इस प्लानिंग में हम भी भागीदार हैं। आपको याद होगा कि मैंने अपने पिछले भाषण में पंचवर्षीय योजना में चम्बल हाइड्रो इलैक्ट्रिक स्कीम को सम्मिलित किये जाने की संभावना की ओर संकेत किया था। जिसका राजस्थान की भावी उन्नति के लिये बहुत भारी मूल्य होगा। आपको यह सूचना देते हुए मुझे प्रसन्नता होती है कि चम्बल हाइड्रो इलैक्ट्रिक स्कीम इस प्लानिंग में सम्मिलित करली गई है।

९. पिछले भाषण में मैंने राजस्थान को लाभदायक भाकरा नांगल, जवाई तथा अन्य बडी योजनाओं के विषय में चर्चा की थी। इन सब योजनाओं पर कार्य में उत्तरोत्तर उन्नति हो रही है और भाकरा प्रोजेक्ट पर भूमापन और अनुसंधान के कार्य पहिले ही समाप्त होगये हैं तथा सिंचाई की नहरों का निर्माण कार्य पूरे वेग के साथ हो रहा है। हमारे आठ हजार आदमी काम कर रहे हैं और इस योजना की उन्नति के वेग को और भी बढाने के प्रयत्न किये जा रहे हैं। अस्थायी सिंचाई का कार्य सन् १९५४-५५ से आरंभ हो जाने की संभावना है। इसके समान ही वे विभिन्न क्षुद्र-सिंचन योजनाएं महत्व पूर्ण हैं जो जन साधारण के विशाल क्षेत्रों में जन साधारण के बिखरे हुए छोटे छोटे भागों को सहायता पहुंचाती हैं। अभी हाल में इसके लिये तथा अन्य कृषि संबंधी कार्यों के लिये भारत सरकार की ओर से प्राप्त हुई आर्थिक सहायता केलिए हम भारत सरकार के कृतज्ञ हैं।

१०. सरकार राजस्थान के रेगिस्तान को आगे और फैलने से रोकने की आवश्यकता के प्रति जागरूक है। भारत सरकार ने रेगिस्तान कम करने की एक योजना मंजूर की है जिससे जोधपुर, बीकानेर और जयपुर डिवीजनों से रेगिस्तान की सूखी तथा रूखी बडी पट्टी को हरे भरे जंगलों से ढक दिया जायगा। इस योजना को शीघ्र ही कार्यान्वित करने के लिये भारत सरकार से आये हुये विशेषज्ञ वास्तव में उस क्षेत्र की देखभाल कर रहे हैं।

११. राष्ट्र निर्माण के कार्यों की परिधि में, जिन पर सरकार अपना ध्यान केन्द्रित करती रही है, आने जाने के मार्गों विशेषतः सडकों का सुधार, और शासन, शिक्षा तथा अन्य अभिप्रायों के लिये मकानों का निर्माण करना सम्मिलित है। बिजली का प्रसार भी एक ऐसा अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय रहा है जिसकी ओर सरकार अपना ध्यान बडी मात्रा में देती रही है। जयपुर, जोधपुर और बीकानेर के तीन बडे बिजली घरों में पर्याप्त सुधार किया जा चुका है और उनको संतोषप्रद स्तर पर लाया जा चुका है। प्रत्येक २५०० किलोवाट की चार टरबाइनें जयपुर में मुकम्मिल हो चुकी हैं और जोधपुर तथा बीकानेर में भी बिजली वितरण की समस्या चिन्ता का विषय नहीं रह गई हैं। सिंचाई के कार्यों के लिये पंपों द्वारा भी बिजली का सामान्य स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है।

१२. बडे शहरों तथा छोटे कस्बों एवं ग्रामीण दोनों प्रकार के क्षेत्रों में जल प्रदाय की स्थिति पर भी सरकार निरंतर ध्यान देती रही है और वास्तव में ऐसी कई योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं।

१३. चिकित्सा सम्बन्धी सहायता तथा जन स्वास्थ्य संबंधी मुख सुविधाओं को जन साधारण तक अधिक आसानी से तथा अधिक सस्ते मूल्य पर पहुंचाने की नीति का सफलतापूर्वक अनुसरण किया जा रहा है। कोटा में एक बडे अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है जिसके लिये हम श्रीमान् महाराव साहिब कोटा के प्रति उनके द्वारा उदारता से दिये गये दान के लिये कृतज्ञता के भारी ऋण के ऋणी हैं। सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर, में आधुनिक ढंग के एक आउट पेशेन्ट डिपार्टमेण्ट, का निर्माण किया जा रहा है जो, सवाई मानसिंह मेडिकल कालेज की इन्डियन मेडिकल कौंसिल द्वारा चिर वांछित मान्यता को सहज बनाने के लिये, अन्य बातों के साथ, आवश्यक था।

रतनगढ में एक प्रसूति-अस्पताल का निर्माण हो चुका है। जन साधारण की योजनाओं के समस्त सातों केन्द्रों पर ग्रामीण चिकित्सा संबंधी सहायता प्रदान करने के लिये प्रारम्भिक व्यवस्था कर दी गई है। भिन्न भिन्न स्थानों पर सरजीकल कैम्पों का आयोजन किया गया था जहां राजकीय विशेषज्ञों ने चीर-फाड सम्बन्धी सहायता बडे पैमाने पर प्रदान की। इन कैम्पों का सफलता पूर्वक संचालन करने में जिन सर्वोपकारी संस्थाओं तथा व्यक्तियों ने उदारता पूर्वक दान दिये उनके हम ऋणी हैं। बी. सी. जी. और टी. बी. के टिकटों के बेचने के सामूहिक प्रयत्न निरन्तर बिना रुकावट के जारी रहे। जिस समय का हम पुनरावलोकन कर रहे हैं उस समय की उल्लेखनीय बातों में चिकित्सा सम्बन्धी अनुसन्धान से संबंधित अखिल भारतवर्षीय विभिन्न कान्फ्रेन्सों का होना है जो इन्डियन कौंसिल आफ मेडिकल रिसर्च आफ इन्डिया एसोसियेशन आफ पैथोलोजिस्ट्स के आधिपत्य में जयपुर में हुई थी। इन कान्फ्रेंसों में समस्त भारत के तथा अन्य देशों के भी विशेषज्ञ बडी संख्या में उपस्थित थे।

१४. शिक्षा के क्षेत्र में सरकार एक प्रगतिशील नीति का अनुसरण कर रही है और प्राथमिक शिक्षा के प्रसार के लिये विशेष प्रयत्न करेगी। व्यवसायिक और प्रौद्योगिक शिक्षण को आवश्यक महत्व देने और, शारीरिक श्रम चाहने वाली शैक्षिक संस्थाओं से संयुक्त परियोजनाओं के संपादन में छात्रों को शामिल करके, उन्हें श्रम के गौरव का बोध कराने के लिये भी प्रयत्न किये जा रहे हैं।

१५. नगर पालिकाओं, जिला बोर्डों और पंचायतों जैसे स्थानीय प्रशासनों को ऐसी ही प्रगतिशील नीति का अनुसरण करने को उत्साहित किया जा रहा है। सरकार के सम्मुख पांच हजार प्राणियों से ऊपर की जनसंख्या वाले प्रत्येक नगर के लिये एक नगरपालिका स्थापित करने का लक्ष्य है। राजस्थान जिला बोर्ड अधिनियम के परिनियम पुस्त में सम्मिलित होते ही (कानून का रूप ग्रहण करते ही) आधुनिक अर्थ में जनता द्वारा नियमतः निर्वाचित जिला बोर्ड एक वास्तविकता हो जायगी। सरकार की नीति स्थानीय आत्मनिर्भर निकाय बनाने एवं पात्रों को सहायता, ऋण और अग्रिम (एडवान्स) प्रदान करने की ओर निर्देशित की गई है। कई स्थानों पे स्थानीय निकायों को स्वयं को ही आवश्यक जल-प्रदाय और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के संपादन के लिये उत्तरदायी बना दिया गया है। राज्य में पंचायतों की संख्या दृढता पूर्वक बढ रही है। स्थानीय प्रशासनों को, जैसे कि जिला बोर्डों, नगर सुधार बोर्डों और ग्राम पंचायतों को दृढ और पारिनियमों के आधार पर स्थापित करने के लिये विधान बनाना सरकार के विचाराधीन है।

१६. सरकार, समाज के पिछडे हुये भागों के आर्थिक और सामाजिक स्तरों को उच्च करने के लिये यशील्ल है और इस संबंध में पहले से निश्चित नीतियों और किये गये निर्णयों का प्रबलता से अनुसरण

कर रही हैं । वर्तमान वित्तीय कठिनाई के होते हुये भी सरकार ने पिछड़े हुये वर्गों के भाग्य की उन्नति के लिये बनाये गये कार्य-क्रमों को चालू रखा है । शरणार्थी पुनर्संस्थापन के कार्य में भी प्रगति हुई है ।

१७. मैंने अपने गत भाषण में राजस्थान से आबू के पृथक्करण के प्रश्न की ओर संक्षेप में निर्देश किया था जैसा कि आपको विदित है, इस संपूर्ण प्रश्न की परीक्षा करने के लिये, और आबू को हमें लौटाने के लिये राजस्थान के मामले को दिखलाते हुये एक प्रतिवेदन तैयार करने के हेतु एक विशेष समिति स्थापित की गई थी । सरकार को आशा है कि इस समिति का परिश्रम सफल होगा ।

१८. मैं उन महत्वपूर्ण कानूनों का वर्णन करना चाहूंगा जो या तो पास हो गये हैं या सत्र में आपके सम्मुख आयेंगे । गत सत्र में पास हुये महत्व पूर्ण अधिनियमों में से एक राजस्थान राज्य भाषा अधिनियम है जो राज्य के राजकीय प्रयोजनों के लिये देवनागरी लिपि में हिन्दी को अपनाने की व्यवस्था करता है ।

महत्वपूर्ण विधेयक जो अब आपके समक्ष विचारार्थ आयेंगे, निम्नांकित हैं :--

१. राजस्थान कृषि आय कर विधेयक ।
२. राजस्थान काश्तकारी विधेयक ।
३. राजस्थान पंचायत विधेयक ।
४. राजस्थान भूमि अवाप्ति विधेयक ।
५. राजस्थान राज्य सुरक्षा विधेयक ।
६. राजस्थान आवश्यक सेवा संधारण विधेयक ।
७. राजस्थान अभ्यस्त अपराधी विधेयक ।
८. राजस्थान भूमि संक्षिप्त बन्दोबस्त विधेयक ।
९. राजस्थान जिला बोर्ड विधेयक ।
१०. राजस्थान के कानूनों को खंडन करने का विधेयक ।
११. राजस्थान प्रसूति लाभ विधेयक ।
१२. राजस्थान मीन क्षेत्र विधेयक ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप इन विधेयकों पर परिपक्व बुद्धिमत्ता से तथा अपने उत्तर-दायित्व को समझते हुये ध्यान देंगे ।

१९. अपना भाषण समाप्त करने के पूर्व में सदन की प्रतिष्ठा के संधारण की तथा उच्चतम जन तन्त्र के सिद्धान्तों पर आधारित प्रगाढ परम्पराओं और रूढियों के विकास की महत्ता पर जोर देना चाहूंगा । मुझे आशा है कि आपके वाद विवाद और विमर्श उच्चस्तरीय होंगे और विचारों एवं धारणाओं के भेद, भले ही वे कितने ही प्रबल हों, आपकी कार्यवाहियों की गरिमा को अथवा आपके परस्पर सद्भावना एवं सहयोग के भाव को नष्ट करने वाले नहीं होंगे । यह सब आपके लिये कीर्ति ही पैदा नहीं करेगा, बल्कि उनके लिये जो आपका अनुसरण करेंगे यह एक उदाहरण होगा । सामान्य समस्याओं पर विभिन्न मत रखना कोई बुरी बात नहीं है लेकिन जनतन्त्र के सफलता पूर्वक कार्य करने के लिये यह आवश्यक है

कि ऐसे भेदों का बहुसंख्या निर्णयों की स्वीकृति द्वारा, समाधान कर लिया जाय क्योंकि जनतन्त्र का वास्तविक आधार, बहुसंख्या द्वारा पास किये गये कानूनों के प्रवर्तन में लोगों का स्वैच्छिक सहयोग है ।

२०. भारत के जनतन्त्रीय संविधान के ढांचे के अन्दर राजस्थान के लिये अपनी कीर्तियुक्त परम्पराओं और समृद्ध विरासत के साथ शोभा जनक रूप से भाग लेना आवश्यक है । इसलिये जनता के प्रतिनिधियों के रूप में आप पर महान उत्तरदायित्व आ जाते हैं क्योंकि अन्ततः उनका भाग्य अधिकतः आपके निर्णयों से प्रभावित होगा । यह एक पवित्रन्यास है जो आपको मिला है और आपका कार्य भी किसी भी प्रकार से सरल अथवा सुगम नहीं है । मैं पूर्ण रूप से आशा करता हूं कि समस्त वर्ग अपने भेदों को मिटा देंगे और सच्चे सहयोग की भावना से हमारे सबके सामने विद्यमान एकसी समस्याओं को सुलझाने के लिये अवसर की आवश्यकतानुसार ऊंचे उठेंगे ।

मैं आपको अब आपके विचारों पर छोडता हूं, जिनका परिणाम, मुझे पूर्ण विश्वास है, प्रोढ नीतियों का निर्माण और इस विशाल राज्य की जनता की उन्नति और कल्याण के लिये बुद्धिमत्ता पूर्ण और न्याय युक्त कानून बनाना होगा ।

(इसके बाद सदन प्रातः १० बज कर ४० मिनिट पर, तारीख १० फरवरी, १९५३ के ८ बज कर ३० मिनट तक के लिये स्थगित हो गया ।)

सभा भवन,
जयपुर,
९ फरवरी, १९५३.

मनसाराम पुरोहित,
सचिव,
राजस्थान विधान सभा जयपुर ।